पाठ–4
वाक्य–विचार

उचित विकल्प पर (✓) का चिह्न लगाइए–

1. एक ही उद्देश्य और एक ही विधेय वाला वाक्य कहलाता है–
   (i) सरल वाक्य (ii) मिश्रित वाक्य (iii) संयुक्त वाक्य
2. जिसके बारे में कुछ कहा जाए, उसे कहते हैं–
   (i) उद्देश्य (ii) विधेय (iii) वाक्य
3. 'तुम्हारा कल्याण हो।' यह वाक्य है–
   (i) संदेहवाचक (ii) इच्छावाचक (iii) आज्ञावाचक
4. 'जो परिश्रम करेगा वो सफल होगा।' यह वाक्य है–
   (i) संदेशवाचक वाक्य (ii) संकेतवाचक वाक्य (iii) इच्छावाचक वाक्य

रिक्त स्थान भरिए–

1. सार्थक शब्दों के व्यवस्थित समूह को _____ कहते हैं।
2. वाक्य में जिसके विषय में कुछ कहा जाए, उसे _____ कहते हैं।
3. 'मोहन को कोई बुलाने आया' यह वाक्य _____ है।
4. 'क्या वह सो गया?' यह वाक्य _____ है।

दिए गए कथनों में सही के लिए (✓) तथा गलत के लिए (✗) का चिह्न लगाइए–

1. 'वर्षा हो रही है' यह वाक्य विधानवाचक है।
2. 'हाय! मैं तो बर्बाद हो गया' यह वाक्य संकेतवाचक इच्छावाचक है।
3. 'ईश्वर तुम्हें लम्बी आयु प्रदान करें' यह वाक्य इच्छावाचक है।

निम्नलिखित वाक्यों से उद्देश्य और विधेय अलग कीजिए–

	वाक्य	उद्देश्य	विधेय
1.	रेखा किताब पढ़ती है।	_____	_____
2.	वह अत्यंत परिश्रमी है।	_____	_____
3.	श्रीनगर एक दर्शनीय स्थल है।	_____	_____
4.	वह सो गया है।	_____	_____
5.	मेरी बेटी कक्षा में प्रथम आती है।	_____	_____

कोष्ठक में दिए गए संकेतानुसार वाक्यों में परिवर्तन करके पुनः लिखिए–

1. तुम परीक्षा में प्रथम आओगे। *(निषेधवाचक वाक्य)* _____
2. आप आ गए। *(विस्मयवाचक वाक्य)* _____
3. मोहन को बुलाने आया है। *(प्रश्नवाचक वाक्य)* _____
4. आज वर्षा होगी। *(संदेहवाचक वाक्य)* _____
5. परिश्रम करने से सफलता मिलती है। *(आज्ञावाचक वाक्य)* _____

LIVEWORKSHEETS